Exampapers247

CS (MAIN) Exam : 2017

वियोज्य DETACHABLE

# सामान्य अध्ययन (प्रश्न-पत्र III)

# GENERAL STUDIES (Paper III)

*समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

कुल **बीस** प्रश्न दिए गए हैं जो **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हैं ।

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

**प्रश्न संख्या 1 से 10 तक का उत्तर 150 शब्दों में तथा प्रश्नसंख्या 11 से 20 तक का उत्तर 250 शब्दों में दें ।**

प्रश्नों में इंगित शब्द सीमा को ध्यान में रखें ।

प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **TWENTY** questions printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

All questions are compulsory.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in medium other than the authorized one.

**Answers to Question Nos. 1 to 10 should be in 150 words, whereas answers to Question Nos. 11 to 20 should be in 250 words.**

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

1. भारत की संभाव्य संवृद्धि के अनेक कारको में बचत दर, सर्वाधिक प्रभावी है । क्या आप इससे सहमत हैं ? संवृद्धि संभाव्यता के अन्य कौन से कारक उपलब्ध हैं ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Among several factors for India's potential growth, savings rate is the most effective one. Do you agree ? What are the other factors available for growth potential ? (Answer in 150 words) 10

2. श्रम-प्रधान निर्यातों के लक्ष्य को प्राप्त करने में विनिर्माण क्षेत्रक की विफलता के कारण बताइए । पूंजी-प्रधान निर्यातों की अपेक्षा अधिक श्रम-प्रधान निर्यातों के लिए, उपायों को सुझाइए । (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Account for the failure of manufacturing sector in achieving the goal of labour-intensive exports. Suggest measures for more labour-intensive rather than capital-intensive exports. (Answer in 150 words) 10

3. सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) माडल के अधीन संयुक्त उपक्रमों के माध्यम से भारत में विमानपत्तनों के विकास का परीक्षण कीजिए । इस संबंध में प्राधिकरणों के समक्ष कौन सी चुनौतियां हैं ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Examine the development of Airports in India through joint ventures under Public-Private Partnership (PPP) model. What are the challenges faced by the authorities in this regard ? (Answer in 150 words) 10

4. भारत में स्वतंत्रता के बाद कृषि में आई विभिन्न प्रकारों की क्रांतियों को स्पष्ट कीजिए । इन क्रांतियों ने भारत में गरीबी उन्मूलन और खाद्य सुरक्षा में किस प्रकार सहायता प्रदान की है ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Explain various types of revolutions, took place in Agriculture after independence in India. How these revolutions have helped in poverty alleviation and food security in India ? (Answer in 150 words) 10

5. लागत प्रभावी छोटी प्रक्रमण इकाई की अल्प स्वीकारिता के क्या कारण हैं ? खाद्य प्रक्रमण इकाई गरीब किसानों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति को ऊपर उठाने में किस प्रकार सहायक होगी ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

What are the reasons for poor acceptance of cost-effective small processing unit ? How the food processing unit will be helpful to uplift the socio-economic status of poor farmers ? (Answer in 150 words) 10

6. ल्यूकीमिया, थैलासीमिया, क्षतिग्रस्त कॉर्निया व गंभीर दाह सहित सुविस्तृत चिकित्सीय दशाओं में उपचार करने के लिए भारत में स्टैम कोशिका चिकित्सा लोकप्रिय होती जा रही है । संक्षेप में वर्णन कीजिए कि स्टैम कोशिका उपचार क्या होता है और अन्य उपचारों की तुलना में उसके क्या लाभ हैं ? (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Stem cell therapy is gaining popularity in India to treat a wide variety of medical conditions including Leukaemia, Thalassemia, damaged cornea and severe burns. Describe briefly what stem cell therapy is and what advantages it has over other treatments ? (Answer in 150 words) 10

7. भारत ने चन्द्रयान व मंगल कक्षीय मिशनों सहित मानव-रहित अंतरिक्ष मिशनों में असाधारण सफलता प्राप्त की है, लेकिन मानव-सहित अंतरिक्ष मिशनों में प्रवेश का साहस नहीं किया है । मानव-सहित अंतरिक्ष मिशन लांच करने में प्रौद्योगिकीय व सुप्रचालनिक सहित मुख्य रुकावटें क्या हैं ? समालोचनात्मक परीक्षण कीजिए । (उत्तर 150 शब्दों में दें)

India has achieved remarkable successes in unmanned space missions including the Chandrayaan and Mars Orbitter Mission, but has not ventured into manned space missions. What are the main obstacles to launching a manned space mission, both in terms of technology and logistics ? Examine critically. (Answer in 150 words) 10

8. यह बहुत वर्षों पहले की बात नहीं है ज़ब नदियों को जोड़ना एक संकल्पना थी, परन्तु अब यह देश में एक वास्तविकता बनती जा रही है । नदियों को जोड़ने से होने वाले लाभों पर एवं पर्यावरण पर इसके संभावित प्रभाव पर चर्चा कीजिए । (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Not many years ago, river linking was a concept but it is becoming a reality in the country. Discuss the advantages of river linking and its possible impact on the environment. (Answer in 150 words) 10

9. साईबर आक्रमण के सम्भावित खतरों की एवम् इन्हें रोकने के लिए सुरक्षा ढांचे की विवेचना कीजिए । (उत्तर 150 शब्दों में दें)

Discuss the potential threats of Cyber attack and the security framework to prevent it. (Answer in 150 words) 10

10. भारत का उत्तर-पूर्वीय प्रदेश बहुत लम्बे समय से विद्रोह-ग्रसित है । इस प्रदेश में सशस्त्र विद्रोह की अतिजीविता के मुख्य कारणों का विश्लेषण कीजिए । (उत्तर 150 शब्दों में दें)

The North-East region of India has been infested with insurgency for a very long time. Analyze the major reasons for the survival of armed insurgency in this region.(Answer in 150 words) 10

11. 2017-18 के संघीय बजट के अभीष्ट उद्देश्यों में से एक उद्देश्य 'भारत को रूपांतरित करना, ऊर्जावान बनाना और भारत को स्वच्छ करना' है । इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए बजट 2017-18 में सरकार द्वारा प्रस्तावित उपायों का विश्लेषण कीजिए । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

One of the intended objectives of the Union Budget 2017-18 is to 'transform, energise and clean India'. Analyse the measures proposed in the Budget 2017-18 to achieve the objective. (Answer in 250 words) 15

12. ''सुधारोत्तर अवधि में सकल-घरेलू-उत्पाद (जी.डी.पी.) की समग्र संवृद्धि में औद्योगिक संवृद्धि दर पिछड़ती गई है ।'' कारण बताइए । औद्योगिक-नीति में हाल में किए गए परिवर्तन औद्योगिक संवृद्धि दर को बढ़ाने में कहां तक सक्षम हैं ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

"Industrial growth rate has lagged-behind in the overall growth of Gross-Domestic-Product (GDP) in the post-reform period." Give reasons. How far the recent changes in Industrial-Policy are capable of increasing the industrial growth rate ? (Answer in 250 words) 7+8=15

13. 'समावेशी संवृद्धि' के प्रमुख अभिलक्षण क्या हैं ? क्या भारत इस प्रकार के संवृद्धि प्रक्रम का अनुभव करता रहा है ? विश्लेषण कीजिए एवं समावेशी संवृद्धि हेतु उपाय सुझाइये । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

What are the salient features of 'inclusive growth' ? Has India been experiencing such a growth process ? Analyse and suggest measures for inclusive growth. (Answer in 250 words) 15

14. सस्यन तंत्र में धान और गेहूँ की गिरती हुई उपज के लिए क्या-क्या मुख्य कारण हैं ? तंत्र में फसलों की उपज के स्थिरीकरण में, सस्य विविधीकरण किस प्रकार मददगार होता है ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

What are the major reasons for declining rice and wheat yield in the cropping system ? How crop diversification is helpful to stabilise the yield of the crops in the system ? (Answer in 250 words) 15

15. सहायिकियां सस्यन प्रतिरूप, सस्य विविधता और कृषकों की आर्थिक स्थिति को किस प्रकार प्रभावित करती हैं ? लघु और सीमांत कृषकों के लिए, फसल बीमा, न्यूनतम समर्थन मूल्य और खाद्य प्रसंस्करण का क्या महत्त्व है ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

How do subsidies affect the cropping pattern, crop diversity and economy of farmers ? What is the significance of crop insurance, minimum support price and food processing for small and marginal farmers ? (Answer in 250 words) 15

16. भारत में नाभिकीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी की संवृद्धि और विकास का विवरण प्रस्तुत कीजिए । भारत में तीव्र प्रजनक रियेक्टर कार्यक्रम का क्या लाभ है ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

Give an account of the growth and development of nuclear science and technology in India. What is the advantage of fast breeder reactor programme in India ? (Answer in 250 words) 15

17. 'जलवायु परिवर्तन' एक वैश्विक समस्या है । भारत जलवायु परिवर्तन से किस प्रकार प्रभावित होगा ? जलवायु परिवर्तन के द्वारा भारत के हिमालयी और समुद्रतटीय राज्य किस प्रकार प्रभावित होंगे ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

'Climate change' is a global problem. How India will be affected by climate change ? How Himalayan and coastal states of India will be affected by climate change ? (Answer in 250 words) 15

18. दिसम्बर 2004 को सुनामी भारत सहित चौदह देशों में तबाही लायी थी । सुनामी के होने के लिए जिम्मेदार कारकों पर एवं जीवन तथा अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले उसके प्रभावों पर चर्चा कीजिए । एन.डी.एम.ए. के दिशा निर्देशों (2010) के प्रकाश में, इस प्रकार की घटनाओं के दौरान जोखिम को कम करने की तैयारियों की क्रियाविधि का वर्णन कीजिए । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

On December 2004, tsunami brought havoc on fourteen countries including India. Discuss the factors responsible for occurrence of tsunami and its effects on life and economy. In the light of guidelines of NDMA (2010) describe the mechanisms for preparedness to reduce the risk during such events. (Answer in 250 words) 15

19. भारत में भीड़ हिंसा एक गम्भीर कानून और व्यवस्था समस्या के रूप में उभर रही है । उपयुक्त उदाहरण देते हुये, इस प्रकार की हिंसा के कारणों एवम् परिणामों का विश्लेषण कीजिए । (उत्तर 250 शब्दों में दें)

Mob violence is emerging as a serious law and order problem in India. By giving suitable examples, analyze the causes and consequences of such violence. (Answer in 250 words) 15

20. आतंकवाद की महाविपत्ति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिये एक गम्भीर चुनौती है । इस बढ़ते हुए संकट का नियंत्रण करने के लिये आप क्या-क्या हल सुझाते हैं ? आतंकी निधीयन के प्रमुख स्रोत क्या हैं ? (उत्तर 250 शब्दों में दें)

The scourge of terrorism is a grave challenge to national security. What solutions do you suggest to curb this growing menace ? What are the major sources of terrorist funding ? (Answer in 250 words) 15

---